भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा

लिखित प्रश्न संख्या: 1950
गुरुवार, 11 दिसंबर, 2025/20 अग्रहायण, 1947 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

विमानन क्षेत्र में घाटा

1950. डॉ. काकोली घोष दस्तीदार:
क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान एयरलाइनों को हुए शुद्ध लाभ और शुद्ध घाटे का एयरलाइन-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या उक्त अवधि के दौरान घरेलू हवाई यात्री यातायात में वर्ष-दर-वर्ष गिरावट आई है और यदि हां, तो तत्संबंधी वर्ष-वार और माह-वार ब्यौरा क्या है; और
(ग) क्या सरकार ने विमानन क्षेत्र में घाटे को कम करने और घरेलू यात्रियों के लिए इसकी व्यवहार्यता को बेहतर बनाने के लिए कोई योजना बनाई है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क)**:** वित्त वर्ष 2023 से वित्त वर्ष 2025 तक पिछले तीन वर्षों के लिए अनुसूचित एयरलाइन प्रचालकों के सकल लाभ और सकल घाटे का विवरण **अनुलग्नक-I** में है। तथापि वित्तीय वर्ष समाप्त न होने के कारण चालू वित्तीय वर्ष (2025-26) के वित्तीय कार्यनिष्पादन के आंकड़े अभी तक उपलब्ध नहीं हैं।

(ख)**:** वित्त वर्ष 2022-23 से वित्त वर्ष 2025-26 (सितंबर तक अनंतिम) तक अनुसूचित घरेलू प्रचालन के लिए अनुसूचित भारतीय प्रचालकों द्वारा किए गए यात्रियों की संख्या और इसमें वृद्धि के आंकडे **अनुलग्नक-II** में है। इसके अलावा, वित्त वर्ष 2022-23 से वित्त वर्ष 2025-26 (सितंबर तक अनंतिम) तक अनुसूचित घरेलू प्रचालन के लिए अनुसूचित भारतीय प्रचालकों द्वारा प्रस्तुत घरेलू हवाई यात्रियों (संख्या में) और इनमें वृद्धि का माह-वार विवरण **अनुलग्नक-III** में दिया गया है।

(ग) : मार्च 1994 में वायु निगम अधिनियम के निरसन के साथ भारतीय घरेलू विमानन उद्योग को अविनियमित कर दिया गया है। संसाधन जुटाने और ऋण पुनर्संरचना सहित वित्तीय और परिचालन निर्णयों का प्रबंधन संबंधित एयरलाइनों द्वारा वाणिज्यिक कारकों के आधार पर किया जाता है।

अनुलग्नक-।

पिछले तीन वर्षों (वित्त वर्ष 2022-23, 2023-24, 2024-25) के लिए अनुसूचित भारतीय एयरलाइनों का वित्तीय कार्यनिष्पादन

(रुपये मिलियन में)

वाहक/एयरलाइन	लाभ या हानि (आयकर और असाधारण मदों के पश्चात)		
वर्ष	2022-23	2023-24	2024-2025 (अ)
एअर इंडिया	-1,13,879.6	-44,441.0	-39,757.5
एअर इंडिया एक्सप्रेस	1,163.2	-1,631.2	-58.323.7
एलाइंस एअर	-7,441.3	-6,177.0	-6,911.2
अकासा एअर	-27,476.0	-16,695.9	-19,862.5
एयर एशिया	-27,476.0	-11,491.4	*
ब्लू डार्ट	22.0	90.0	71.0
फ्लाईबिग	55.9	48.3	**
फ्लाई 91	लागू नहीं	-314.2	-676.5
इंडिगो	-3,167.2	81,674.9	72,533.0
इंडियावन एयर	-87.3	-32.3	33.4
क्विकजेट कार्गो	-289.8	-7.4	-134.0
स्पाइसजेट	-15,131.3	-4,042.4	-556.7
स्टार एअर	-208.4	-333.1	687.5
विस्तारा	-13,970.4	-5,891.2	*
कुल	-1,86,067.8	-9,243.9	-52,897.3

टिप्पणी:

* एआईएक्स कनेक्ट (एअर एशिया) और विस्तारा का एअर इंडिया में विलय।
** फ्लाई बिग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 की जानकारी डीजीसीए को प्रस्तुत नहीं की है।

अनुलग्नक-II

वित्त वर्ष 2022-23 **से वित्त वर्ष** 2025-26 **तक (सितंबर तक अनंतिम) किए गए अनुसूचित घरेलू प्रचलनों के लिए अनुसूचित भारतीय प्रचालकों द्वारा वहन किए गए यात्रियों (संख्या में) की संख्या और इसमें वृद्धि।**

वर्ष	**यात्री (संख्या में)**	**वृद्धि**
2022-23	13,60,28,656	
2023-24	15,36,74,682	13.0
2024-25	16,55,41,692	7.7
2025-26 (सितंबर 2025 तक)	8,01,71,314	-

अनुलग्नक-III

वित्त वर्ष 2022-23 से वित्त वर्ष 2025-26 तक (सितंबर तक अनंतिम) अनुसूचित घरेलू उड़ानों के लिए अनुसूचित भारतीय प्रचालकों द्वारा प्रस्तुत विवरण के अनुसार वृद्धि सहित घरेलू हवाई यात्रियों (संख्या में) का माह-वार विवरण							
माह	वर्ष				2022 की तुलना में 2023 में वृद्धि	2023 की तुलना में 2024 में वृद्धि	2024 की तुलना में 2025 में वृद्धि
	2022-23	2023-24	2024-25	2025-26 (सितंबर तक)			
अप्रैल	1,05,49,088	1,28,88,410	1,32,00,048	1,43,14,688	22.2%	2.4%	8.4%
मई	1,14,70,422	1,32,14,554	1,37,95,301	1,40,54,824	15.2%	4.4%	1.9%
जून	1,05,14,030	1,24,86,601	1,32,05,828	1,36,04,312	18.8%	5.8%	3.0%
जुलाई	97,04,934	1,21,00,030	1,29,86,105	1,26,05,312	24.7%	7.3%	-2.9%
अगस्त	1,01,15,739	1,24,22,673	1,31,30,699	1,29,48,637	22.8%	5.7%	-1.4%
सितम्बर	1,03,46,833	1,22,46,549	1,30,27,336	1,26,43,541	18.4%	6.4%	-2.9%
अक्टूबर	1,14,00,977	1,26,36,742	1,36,57,193	-	10.8%	8.1%	
नवंबर	1,16,78,582	1,27,35,394	1,42,50,266		9.0%	11.9%	-
दिसम्बर	1,27,35,454	1,37,97,352	1,49,26,352		8.3%	8.2%	-
जनवरी	1,25,51,028	1,31,31,603	1,47,02,387		4.6%	12.0%	-
फ़रवरी	1,20,68,372	1,26,47,306	1,41,18,495		4.8%	11.6%	-
मार्च	1,28,93,197	1,33,67,468	1,45,41,682		3.7%	8.8%	-
	13,60,28,656	**15,36,74,682**	**16,55,41,692**	**8,01,71,314**	**13.0%**	**7.7%**	-

******